भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2937 का उत्तर

रेल नीर

2937. श्री बिप्लब कुमार देब:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में संचालित विभिन्न 'रेल नीर' संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इनके लिए आवंटित तथा व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या रेल मंत्रालय का विचार ट्रेनों तथा विभिन्न बिक्री केंद्रों पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्रिपुरा राज्य सहित देश के विभिन्न भागों में और अधिक 'रेल नीर' संयंत्र स्थापित करने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, सभी अहम रेलगाड़ियों और स्टेशनों पर पैकेज्ड पीने का पानी (पीडीडब्ल्यू) 'रेल नीर' की मांग को देश भर के मौजूदा परिचालित रेल नीर संयंत्रों से पूरा किया जा रहा है। इंडियन रेलवे कैटरिंग और टूरिज़म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) को भारतीय रेल में रेल नीर की मांग और जरूरतों को पूरा करने के लिए चिन्हित स्थानों पर रेल नीर संयंत्र स्थापित करने का कार्य सौंपा गया है।

1,00,000 बोतलें प्रति दिन संयंत्र क्षमता वाले रेल नीर संयंत्र (पीपीपी मॉडल) स्थापित करने की अनुमानित लागत लगभग ₹10 करोड़ है। इस लागत में भूमि की लागत को छड़कर पूर्व-इंजीनियरी भवन (पीईबी) शेड का निर्माण, संयंत्र एवं मशीनरी का संस्थापन शामिल है।

देशभर में चल रहे 19 रेल नीर संयंत्रों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	संयंत्र	राज्य
1	नांगलोई	दिल्ली
2	दानापुर	बिहार
3	अंबरनाथ	महाराष्ट्र
4	पलूर	तमिलनाडु
5	मनेरी	मध्य प्रदेश
6	अमेठी	उत्तर प्रदेश
7	नागपुर	महाराष्ट्र
8	ऊना	हिमाचल प्रदेश
9	हापुड़	उत्तर प्रदेश
10	जगीरोड	असम
11	संकरैल	पश्चिम बंगाल
12	कोटा	राजस्थान
13	मंडीदीप	मध्य प्रदेश

14	सानंद	गुजरात
15	भुसावल	महाराष्ट्र
16	भुवनेश्वर	ओडिशा
17	बिलासपुर	छत्तीसगढ़
18	सिम्हाद्री	आंध्र प्रदेश
19	विजयवाड़ा	आंध्र प्रदेश

वर्तमान में, त्रिपुरा राज्य में रेल नीर की मांग को जगीरोड (असम) पर मौजूद रेल नीर संयंत्र से पूरा किया जा रहा है।

******